आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 07.10.2025   समय : 18.30 पीएम

- केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने 24 हज़ार 634 करोड़ रुपये की चार रेल परियोजनाओं को मंज़ूरी दी।
- अंता विधानसभा क्षेत्र में 11 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के लिए मतदान केन्द्रों की संख्या में बढ़ोतरी।
- गुजरात के सूरत में ''प्रवासी राजस्थानी मीट'' का अयोजन कल होगा।
- जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से लोकरंग की शुरूआत–थार महोत्सव कल से बाड़मेर में।

000

केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने 24 हजार 634 करोड़ रुपये की चार रेल परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ये परियोजनाएँ महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ के 18 जिलों को कवर करेंगी। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क लगभग 894 किलोमीटर बढ़ जाएगा।

.................

000

केंद्र ने अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के तहत राजस्थान सहित हरियाणा और मध्य प्रदेश को 903 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च–स्तरीय समिति ने इस सहायता को मंजूरी दी। कुल राशि में से राजस्थान के लिए 388 करोड़ रुपये से अधिक स्वीकृत किए गए हैं।
केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान, केंद्र सरकार ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के तहत 27 राज्यों को 13 हजार 603 करोड़ रुपये और एनडीआरएफ के तहत 12 राज्यों को दो हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की गई है।

000

अंता विधानसभा क्षेत्र में 11 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के लिए मतदाताओं की सुविधा के मद्देनजर मतदान केन्द्रों की संख्या बढ़ाई गई है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने आज जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेन्स में बताया कि उपचुनाव की घोषणा क साथ ही पूरे बारां जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में अपडेशन 11 अक्टूबर तक किया जाएगा।

..............

इस बीच, बारां जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंडासु ने आज प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर राजनीतिक दलों और पत्रकारों को निर्वाचन विभाग की गाइड लाइन की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चुनाव के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किये जाएंगे।

..............

000

जयपुर के जोबनेर स्थित श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. बलराज सिंह को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। यह निलंबन डॉ. सिंह द्वारा कार्यकाल के अंतिम तीन माह में

नीतिगत निर्णय लेने और उनके विरुद्ध मिली विभिन्न गंभीर शिकायतों के कारण किया गया है। राज्यपाल ने जांच प्रभावित नहीं हो, इसके लिए एक कमेटी गठित की है।

000

जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में हुई आग की घटना के बाद चिकित्सा विभाग और प्रशासन की ओर से विभिन्न जिलों के बडे अस्पतालों में अग्निशमन व्यवस्था को परखा जा रहा है। इसके साथ ही अस्पतालों में आपातकालीन निकास, अन्य दुर्घटनाओं की स्थितियों से निपटने की तैयारियों की समीक्षा भी की जा रही है। जोधपुर के मथुरा दास माथुर अस्पताल में अग्निशमन यंत्रों की जांच और मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान अस्पताल में एक काल्पनिक स्थिति तैयार की गई। इसमें मरीज और स्टाफ को आग के समय सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया की गई। भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर स्थित महात्मा गांधी अस्पताल के आईसीयू , एनआईसीयू सहित तमाम वार्डों में फायर सेफ्टी उपकरणों की माकड्रिल की गई। कई अन्य जिला अस्पतालों में भी अग्निशमन यंत्रों की जांच तथा आपातकालीन स्थितियों को लेकर मॉक डिल करने के समाचार हैं।

इधर, जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आगजनी की घटना के बाद मरीजों के आपातकालीन आपरेशन में परेशानी आ रही है। आपातकालीन सर्जरी पुरानी इमरजेंसी की जा रही है। न्यूरो सर्जरी से संबंधित मरीजों को बांगड़ परिसर में शिफ्ट किया गया है। यहां के न्यूरो वार्ड में सर्जरी की जा रही है।

000

गुजरात के सूरत में कल 'प्रवासी राजस्थानी मीट' का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वहां के प्रमुख उद्यमियों और औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों को राजस्थान में निवेश करने और राज्य के सामाजिक–आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए आमंत्रित करेंगे। यह आयोजन इस साल 10 दिसम्बर को जयपुर में होने वाले 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भी किया जा रहा है। प्रवासी मीट के बाद मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल सूरत में मौजूद फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल्स, सिरेमिक्स और पेट्रोकेमिकल्स जैसे सेक्टर्स के प्रमुख अधिकारियों से भी मुलाकात करेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज़–सीआईआई के सहयोग से किया जा रहा है।

000

सरकार ने कहा है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने 10 हजार 977 करोड़ रुपये की राशि के पाँच लाख से अधिक ऋण स्वीकृत किए हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि लाभार्थियों को रूफटॉप सौर ऊर्जा प्रणालियां स्थापित करने के लिए यह ऋण स्वीकृत किए गए हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए ऋण वितरण प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। साथ ही सरकारी क्षेत्र के बैंकों के माध्यम से कम ब्याज दरों पर ऋण दिया जा रहा है।

000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से लोकरंग की शुरूआत हुई। 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों के ढाई हजार से ज्यादा लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इनमें महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर–प्रदेश, मध्यप्रदेश, असम, त्रिपुरा, उत्तराखण्ड और हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों के लोक कलाकार भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला भी लगाया गया है।

उधर, बाड़मेर में कल से थार महोत्सव शुरू हो रहा है। महोत्सव की थीम ''रंग रेगिस्तान के'' रखी गई है। इस थीम पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये जाएंगे। इसी सिलसिले में आज जिला कलेक्टर टीना डाबी ने महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने पीले चावल बांटकर आमजन को महोत्सव के लिए आमंत्रित किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि महोत्सव के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं।

..............

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि देश के सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एकजुटता और रणनीतिक दूरदर्शिता की शक्ति का प्रदर्शन किया। श्रीमती मुर्मू आज राष्ट्रपति भवन में 65वें राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय पाठ्यक्रम के संकाय सदस्यों और पाठ्यक्रम सदस्यों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं की संतुलित कार्यवाही से नियंत्रण रेखा के पार आतंकवादी ढाँचे को ध्वस्त कर दिया गया।

000

मौसम विभाग ने आज जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, बारां, कोटा, नागौर, सीकर, अजमेर, भीलवाडा और चूरू जिलों के लिए बरसात का येलो अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसके अलावा बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश के आसार हैं। कल से राज्य में आगामी एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस बीच, बीते 24 घंटों में राज्य में कुछ जगह भारी बारिश हुई है। सबसे ज्यादा 13 सेंटीमीटर बरसात नागौर के कुचामनसिटी में दर्ज की गई। वहीं श्रीमाधोपुर में 11, शाहपुरा में 9, विराटनगर में 8 और चौथ का बरवाड़ा में 7 सेंटीमीटर बारिश हुई। राज्य के पश्चिमी जिलों में आज दिनभर बादल छाये रहने और ठंडी हवा चलने से मौसम खुशगवार बना रहा।

000

अलवर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गरीब हिंदू महिलाओं और पुरुषों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रलोभन और भय दिखाने के आरोप में पाँच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन लोगों पर अवैध धर्मान्तरण कराने का आरोप है। श्री चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पाँच आरोपियों के तार अलवर, मुरादाबाद उत्तरप्रदेश और जयपुर से जुड़े हुए हैं। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों और इसके पीछे की फंडिंग या संगठन की जाँच कर रही है।

000

राज्य में खरीफ–2025 सीजन में किसानों को 27 लाख 95 हजार से ज्यादा बीज मिनीकिट मुफ्त वितरित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन के तहत मूंगफली और सोयाबीन के 18 हजार 966 मिनीकिट और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत उड़द, अरहर और ज्वार के 2 लाख 16 हजार से ज्यादा मिनीकिट किसानों को दिये गये हैं। महिला किसानों को भी बीज मिनिकिट निःशुल्क दिये गये हैं। बीज वितरण की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह कार्य जन आधार कार्ड के माध्यम से किया जा रहा है।

000